## खबर संक्षेप

### राजस्थान से रायपुर जा रहे वाहन से पकड़े गए खाद्य जांच उपरांत अमानक पाए गए

**मण्डला।** थाना मोतीनाला में 12 जनवरी को पकड़े गए ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 3880 से खाद्य पदार्थों पनीर लूज एवं मोती मलाई पनीर पैक जो धौलपुर राजस्थान से रायपुर विक्रय के लिए जा रहा था। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए मिलावट की आशंका पर पनीर लूज एवं मोती मलाई पनीर पैक को खोलकर नमूना जाँच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए। साथ ही पनीर लूज 600 किलोग्राम एवं मोती मलाई पनीर पैक 1640 किलोग्राम की जप्ती विक्रेता की सुपुर्दी में की गई थी। पनीर लूज एवं मोती मलाई पनीर पैक को खोलकर नमूनों की जांच रिपोर्ट राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल से अवमानक स्तर की पाई गई है। जप्त की गई खाद्य सामग्री विनश्वर प्रकृति की होने के कारण जनस्वास्थ्य की दृष्टि से पनीर लूज 600 किलोग्राम एवं मोती मलाई पनीर पैक 1640 किलोग्राम का विनष्टीकरण करवाया गया। प्रकरण विवेचना उपरांत सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जावेगा।

### जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 29 जनवरी को

**मण्डला।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 29 जनवरी को जिला योजना भवन में प्रातः 11 बजे आयोजित की गई है। बैठक में क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, एस.एन.सी.यू./एन.आर.सी., पूर्ण टीकाकरण/सी. डी.आर.), आशा कार्यक्रम (एच.बी.एन.सी.), एन.सी.डी. कार्यक्रम, एम.पी. औषधी, आरोग्यम मण्डला 2.0 (जन स्वास्थ्य शिविर) की समीक्षा की जायेगी।

## राह-वीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए स्पष्ट निर्देश

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त प्रशासन

*** दुर्घटनाओं में कमी लाने हर संभव प्रयास।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों की जान की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ एवं संस्कार बावरिया, आरटीओ बिमलेश कुमार गुप्ता सहित जिले के समस्त एसडीएम उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में केशलेस ट्रीटमेंट स्कीम और राह-वीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि केशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के बाद पहले 7 दिनों तक 1.50 लाख तक का निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया गया है। इस योजना से जुड़े लंबित भुगतान प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी उन्होंने दिए।

मानवीय दृष्टिकोण को और मजबूत करते हुए कलेक्टर ने कहा कि दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नागरिक समाज के सच्चे नायक हैं। राह-वीर योजना के तहत ऐसे मददगारों के लिए प्रोत्साहन 25,000 कर दी गई है तथा उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में जिले के 10 चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) की वर्तमान स्थिति, वहां किए गए सुधार कार्यों और शेष आवश्यक उपायों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण एवं शहरी, दोनों क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन अनिवार्य है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों की दुर्घटना व मृत्यु दर के आंकड़ों का गहन विश्लेषण कर कमियों को चिन्हित करने तथा सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर-स्पीडिंग, वाहन बीमा एवं हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के उल्लंघन पर कड़ी और निरंतर कार्रवाई जारी रखने को कहा गया। साथ ही स्कूल बसों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों की नियमित जांच सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### 900 से वाहनों की जांच

कोतवाली थाना क्षेत्र में हेल्मेट चैकिंग अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया, जहां वाहन चालकों को रोककर हेलमेट पहनने की अनिवार्यता एवं उसके सुरक्षा लाभों के संबंध में समझाइश दी गई। इसी क्रम में नैनपुर अनुभाग अंतर्गत थाना नैनपुर क्षेत्र में एसडीओपी नैनपुर के नेतृत्व में एसडीएम नैनपुर, तहसीलदार नैनपुर एवं थाना प्रभारी नैनपुर की संयुक्त टीम द्वारा भी हेलमेट जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में मंडला पुलिस द्वारा 900 से अधिक वाहनों के नागरिकों ने मौके पर ही हेलमेट खरीदकर अथवा घर से मंगवाकर पहनना प्रारंभ किया, जो अभियान के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। मंडला पुलिस द्वारा जनवरी माह में जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत आर्थिक रूप से असमर्थ वर्ग के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि वे हेलमेट क्रय कर सकें, साथ ही व्यवसायिक सहयोग से हेलमेट की उपलब्धता को भी आसान बनाया गया है। मंडला पुलिस द्वारा अभी तक 250 से अधिक हेलमेट का वितरण कर हेलमेट के महत्व का संदेश दिया है। वर्तमान में मंडला पुलिस द्वारा प्रतिदिन लगभग 1000 वाहनों की जांच के लक्ष्य के साथ नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।





# पटपरा रैयत हाईस्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पटपरा रैयत शासकीय एकीकृत हाईस्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह आन-वान-शान के साथ धूमधाम से मनाया गया विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व के इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन भी मौजूद रहे विशेष अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच देवेन्द्र परते एवं सचिव बालकृष्ण यादव उपस्थित रहे सर्वप्रथम श्रीमति सरस्वती पटेल द्वारा भारत माता के चित्र एवं राष्ट्रीय ध्वज की पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। शाला परिवार की ओर से शिव प्रकाश प्रजापति, श्रीमति तृप्ति मिश्रा, श्रीमति उमा गोलिचा, श्रीमति निधि बरमैया, मुक्ति चौरसिया, श्रीमति गवले, भानू मरावी, घनश्याम चौरसिया, जयप्रकाश झारिया, महेन्द्र उइके, अनिल कुमार सिसोदिया, बगीचा बाई, सुलिया बाई एवं अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस के इस कार्यक्रम में शाला के विद्यार्थीगणों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये इन बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु बच्चों के पालकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीणों को लड्डू नमकीन का प्रसाद वितरित किया गया जिन बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये उन्हें पुरूस्कार भी प्रदान किये गये कार्यक्रम के अंत में समस्त छात्र-छात्राओं के अलावा उपस्थित ग्रामवासियों को विशेष भोज भी कराया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया जिन्होंने शाला का नाम रोशन किया है।



# नारायणगंज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में शहीद स्मारक नारायणगंज पधारिया में ध्वजारोहण श्री रघुनंदन विश्वकर्मा द्वारा दिया गया जिसमें नारायणगंज के सभी नागरिक एवं एवं छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा संस्कृत कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई हितकारिणी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं एवं रेड ब्रिज स्कूल नारायणगंज के बच्चों द्वारा मनमोहन प्रस्तुति की गई गीत भाषण कविता आदि का बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया ग्राम पंचायत पड़रिया के सरपंच एवं सचिव द्वारा सभी उपस्थितिक नागरिकों के तिलक बंधन कर उनका स्वागत किया इस कार्यक्रम में तहसीलदार संदीप पटले थाना टिकरिया से टी आई गोपाल घोसले मैंगनलाल सोनी चंद्रशेखर तिवारी रतन सिंह ठाकुर राकेश अग्रवाल जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा एडवोकेट संतोष सोनी सुंदर सोनी सुरेंद्र सोनी उपसरपंच विवेक सोनी सचिव अविनाश शर्मा सरपंच राजकुमार तेकाम विपिन सोनी वीरेंद्र अग्रवाल पंडित राजुल जोशी वीरू अग्रवाल पत्रकार राजेश सोनी मनोज सोनी आदि की उपस्थिति रही जनपद पंचायत नारायणगंज में ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय द्वारा ध्वजारोहण किया गया महिला बाल विकास कार्यालय में ध्वजारोहण जनपद उपाध्यक्ष



अविनाश शर्मा जानकी ठाकुर द्वारा किया गया कृषि विभाग में जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय जनपद सदस्य गुलाब सिंह परस्ते सुंदरलाल उवेती कैसी विस्तार अधिकारी श्रीमतिलो वंशी मैडम हरि ओम झरिया आदि की उपस्थिति रही जनपद शिक्षा केंद्र नारायणगंज में जनपद उपाध्यक्ष शिक्षा समिति के अध्यक्ष अविनाश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस मौके में बी आर सी कमलेश भवेदी राजू वर्मा उपमंत्री एवं समस्त स्टाफ पत्रकार गण उपस्थित रहे बीईओ कार्यालय मे ध्वजारोहण आरके विश्वकर्मा द्वारा किया गया इस मौके में मंडल संयोजक आरके गुप्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणगंज में विरेंद्रपुर श्याम द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित मुकेश नायक आरके विश्वकर्मा आरके गुप्ता भगवती प्रधान अंजली यादव तारिणी पाठक करुणा मराठी की उपस्थिति रही कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास नारायणगंज में अधीक्षक श्रीमती प्रमिला बैरागी द्वारा ध्वजारोहण किया गया जूनियर कन्या स्कूल कन्या हायर सेकेंडरी छात्रावास नारायणगंज में अधीक्षका श्रीमती सरोज उईके द्वारा ध्वजारोहण किया गया पश्चिमी वन क्षेत्र मंडल टिकरिया में ध्वजारोहण श्री मयंक उपाध्याय द्वारा किया गया थाना टिकरिया में टीआई गोपाल धोसले द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ ने सलामी ली उत्कृष्ट विद्यालय नारायणगंज में ध्वजारोहण श्रीमती अर्चना नाम द्वारा किया गया ग्राम पंचायत पड़रिया में सरपंच राजकुमार तेकाम द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस कार्यक्रम में सचिव अविनाश शर्मा एवं समस्त नागरिक और पंचगण उपस्थित रहे तहसील नारायणगंज में तहसीलदार संगम पटले द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

# बोर्ड परीक्षा को तनाव नहीं, उत्सव की तरह लें विद्यार्थी-कलेक्टर श्री मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**आगामी फरवरी 2026 से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक पत्र साझा किया है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि यह समय विद्यार्थियों द्वारा पूरे वर्ष किए गए कठिन परिश्रम को परिणाम में बदलने का है। उन्होंने कहा परीक्षा केवल आपके ज्ञान के आकलन का माध्यम है। इसे बोझ न समझें, बल्कि जीवन के एक महत्वपूर्ण पर्व के रूप में लें।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों के साथ सफलता का सूत्र साझा करते हुए अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने छात्र छात्राओं को सलाह दी कि परीक्षा के दौरान घबराहट से दूर रहें और पूरी तरह तनावमुक्त रहें। प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तरों में स्पष्टता और तार्किकता रखें। परीक्षा के उन तीन घंटों के लिए मानसिक रूप से खुद को तैयार करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्याप्त नींद लेने, संतुलित आहार करने और पढ़ाई के बीच में छोटे-छोटे ब्रेक (विराम) लेने का सुझाव दिया ताकि मस्तिष्क तरोताजा बना रहे। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक चरण है, अंतिम लक्ष्य नहीं। उन्होंने बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अपील की और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**राष्ट्रीय पर्व | विशेष बच्चों ने फैशन ड्रैस कॉम्पटीशन में अलग-अलग वेश किया धारण।**

# मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर में मना गणतंत्र दिवस

*** विशेष बच्चों के लिये तैयार किया गया है यह सेंटर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





सोमवार को मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। मुस्कान रिहैबिलिटेशन सेंटर में मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज फगवानी ने ध्वजारोहण किया। विशेष बच्चों के लिए संचालित इस विशेष केंद्र का गणतंत्र दिवस समारोह भी विशेष रहा। यहां के बच्चों की अद्भुत प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने फैशन ड्रैस कॉम्पटीशन में अलग-अलग वेश धारण किया। इसमें मिष्टी पटेल ने देवी सरस्वती का रूप धारण किया तो मुस्कान फागवानी अधिवक्ता के रूप में नजर आई। इसी तरह तृषिका बर्मन व अमायरा भारत माता बनी तो अनय यादव गणेश जी के रूप में नजर आए। समर्थक आर्मो, पियूष, अथर्व, आजाद, आरुष मिश्रा, धीर, अथर्व धुव्रे भारतीय सेना के जवान का रूप धारण किया।

इसी तरह वेद अग्रवाल भीम राव अम्बेडकर, अनाया अवस्थी राधा, प्रज्ञान हज़ारिका व आरुष खोबरागड़े कृष्ण, दीक्षा सीता, ऋषभ विश्वकर्मा राम, मयंक किसान, शुभांशु शिक्षक, ओबैद शेख, इक़रा मदर टेरेसा, भव्या रानी लक्ष्मी बाई, शौर्य साहू महात्मा गांधी, वंशिका राजकुमारी, रयान तोता, मोहम्मद अली भगत सिंह, अनस सुभाष चंद्र बोस, अद्वित पत्रकार, योनित व मृत्युंजय डॉक्टर, संस्कार महात्मा गांधी, शौर्य श्रेयांश चाचा नेहरू, प्रिंसी राजस्थानी रूप, अयांश धुव्रे पुलिस, मौलिक श्रवण कुमार, हमजा राजकुमार, हर्षित गुलाब चंदवानी अक्षय खन्ना, शेरिष पोस्टमेन, कार्तिक चढ़ार बाल गंगाधर तिलक, रेयांश सिरशाम स्वामी विवेकानंद, रेयांश राठौर भगत सिंह का रूप धारण किया। लैविश ने पानी बचाने का संदेश दिया। सुहाना ने आकर्षक इंद्रधनुष का रूप धारण किया। विराट ने इतनी शक्ति हमें देना दाता जीत गया और उसे पर नृत्य भी किया जिसे काफी सराहा किया गया।

ज्ञात हो कि 5 फरवरी 2023 को इस सेण्टर का शुभारम्भ किया गया था। तब से ही यह विशेष बच्चों के लिए वरदान बना हुआ है। पूर्णतः निःशुल्क इस सेंटर को विशेष बच्चों की जरुरत को ध्यान रखते हुए तैयार किया गया है। ऐसे बच्चे जिन्हे चलने, बोलने, सुनने में मानसिक या शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है उनका यहां पूरा ख्याल रखते हुए उनकी जिंदगी को आसान बनाने के प्रयास किए जाते है। यहां महानगरों की तर्ज पर ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथैरेपी, स्पीच थेरेपी और स्पेशल एजुकेशन की पूरी सुविधाप्रदान की जाती है। मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज फगवानी ने बताया कि विशेष बच्चों के लिए मंडला में के केंद्र की जरुरत को महसूस करते हुए इसकी शुरुआत की गई थी। इससे बच्चों को काफी लाभ हो रहा है। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के सचिव डॉ. अंकित पटेल, डॉ. राशि पटेल, मंजू फागवानी, सुधीर उपाध्याय सहित संस्था स्टॉफ, बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद थे।

# नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस ओर फहराया गया तिरंगा

*** पीटी प्रदर्शन परेड की शलामी सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व का 77 वॉ गणतंत्र दिवस पर्व नगर के नवीन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में हर्षोल्लास गरिमा और उत्साह से मनाया गया। देशभक्ति के रंगों में सराबोर इस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सकुना उईके, अनुविभागी अधिकारी श्रीमति सोनाली देव, नगर अध्यक्ष रजनी मरावी, एसडीओपी सौरभ तिवारी, ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह की शुरूआत राष्ट्रगान और ध्वजारोहण के साथ हुई। पश्चात मुख्य अतिथि सकुना उईके ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया, जिसमें राज्य की प्रगति और जनकल्याण का संकल्प दोहराया गया। शांति और खुशहाली के प्रतीक के रूप में आसमान में रंगीन गुब्बारे छोड़े गए, जिससे पूरा माहौल उत्सवमयी हो गया।

**विकास की नई झलक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पहल**

समारोह में स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर 'विविधता में एकता' का संदेश दिया। वहीं, विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा निकाली गई झांकियों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का सजीव चित्रण किया गया। झांकियों ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

मार्चपास्ट में छठवीं कक्षा से लेकर महाविद्यालय तक के बालक एवं बालिका, शामिल हुए सभी ने सुंदर प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोहा इस अवसर पर- परेड का नेतृत्व पीटीआई शिक्षक मंगलदास टांडिया, शिव सोनवानी, विजय रघुवंशी ने किया। सभी कार्यक्रमों में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर संस्थाओं को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों वं लोकतंत्र सेनानियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नगर के सभी शासकीय अशासकीय अर्ध शासकीय कार्यालयों विद्यालयों सभी संस्थाओं बैंको में प्रातः काल ध्वजारोहण किया गया।

## खबर संक्षेप

### नगर के बीटीआई स्कूल में तेजस्वी मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्थानीय पीएमश्री शासकीय उ मा विद्यालय (बी टी आई )स्कूल में बीते हुये दिवस तेजस्वी कार्यक्रम एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्रों ने विभिन्न मॉडल प्रदर्शित किये एवं अनेक प्रकार के स्टाल लगाए गये थें। वही बताया जाता है कि इस मेले का शुभारंभ करते हुए सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों को सीखने का अवसर मिलता है। वही संस्था प्राचार्य सुनीता पटैल ने कहा कि छात्रों ने इस मेले की तैयारी काफी पहले से की थी। कार्यक्रम में तेजस्वी कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती शकुंतला मांझी, विज्ञान प्रभारी श्रीमती अलका कोरी,के के राजोरिया अमित पटेल,पुष्पा बरहैंया, एस एन बसेड़िया राजेश दुबे, मलखान मेहरा, मनमोहन शर्मा, श्रीमती सुलेखा गुप्ता, श्रीमती ज्योत्सना दुबे, प्रमोद राय, सतीश परिहार, उरदेनिया के आलवा सविता मिश्रा मैडम, सुनीता शर्मा,गीता राय, सरिता मालवी, साधना कुशवाहा, किरण अग्रवाल, पुष्पा विश्वकर्मा, सुलेखा गुप्ता, अपर्णा ब्राउन, सरिता कटारे सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया गांगई हाई स्कूल का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या ने बीते हुये दिवस शासकीय हाई स्कूल गांगई में अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने देखा कि विद्यालय के शिक्षक कहुट एप की सहायता से अध्ययन अध्यापन कार्य को रोचक बना रहे हैं। शासकीय हाई स्कूल गांगई के शिक्षक बहुत ही रोचक तरीके से टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए कहुट एप के माध्यम से क्विज आयोजित करते हुए कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता संचालित करते हैं। इसमें वार्षिक परीक्षा में विभिन्न विषयों में आने वाले ऑब्जेक्टिव प्रश्न ,सही विकल्प, खाली स्थान भरो, सत्य असत्य जैसे प्रश्नों का समावेश होता है । सभी शिक्षकों के मोबाइल एवं टैबलेट में यह एप डाउनलोड किया गया है तथा मोबाइल विद्यार्थियों को दे दिए जाते हैं तथा विद्यार्थियों के ग्रुप का निर्माण किया गया। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट का ऑप्शन भी इस ऐप में शामिल है।जिसमें यदि किसी प्रश्न का सही उत्तर विद्यार्थी समूह देते हैं, तो यह पता चल जाता है कि सबसे कम समय में किसने सही उत्तर दिया है,तथा सबसे कम समय में सही उत्तर देने वाले विद्यार्थी को अधिक अंक मिल जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए टिप्स प्रदान किए तथा विद्यार्थियों से आव्हान किया कि अब मोबाइल का दुरुपयोग करने में समय व्यर्थ न करें ।

# अपने दायित्वों का उत्कृष्ट रूप से निर्वाहन करने वाले गौ प्रभारी सहित राजस्व, पुलिस व बिजली के आलवा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा












प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जहां स्थानीय स्तर पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम होते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर नगर में सामूहिक रूप से प्रशासन द्वारा आयोजित किये जाने वाला कार्यक्रम नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित जो आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पाया था। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम में नगर के अनेक निजी व शासकीय शिक्षण संस्था के बच्चे शामिल हुये तो दूसरी ओर इस सार्वजनिक कार्यक्रम में ध्वजा रोहण नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह डागुर, तहसीलदार प्रियंका नेताम की उपस्थिति में ध्वजा रोहण किया गया। इस मौके पर सभी मौजूद अतिथियों द्वारा देश की शान वान के प्रतीत तिरंगे झंडे को सलामी देने के उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति प्रदान करते हुये मौजूद लोगों को मग्न मुग्ध करने में कोई कसर नही छोडी गई थी। गणतंत्र दिवस के इस सामूहिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली शिक्षण संस्थाओं द्वारा दी गई प्रस्तुति के चलते जहां उन्हें सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर शासकीय स्तर पर अपने दायित्वों का उत्कृष्ट रूप से कार्य संपादित करने वाले अलग अलग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे सहित उप पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह डागुर द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिये सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से राजस्व विभाग के मुख्य आधार बिंदु माने जाने वाले प्रभारी कानून गौ अवधेश पाठक सहित राजस्व निरीक्षक बैनी प्रसाद चौधरी, भोले शंकर कौरव, संतोष पटैल तथा पटवारी मनीष अग्रवाल, विपिन कुर्मी, संदीप सोनी, भूपेन्द्र कौरव, गजानंद साहू, हर्षदीप जाटव, दीपक कौरव, शैलेष पटैल, संतोष धुर्वे, शिल्पा जैन, सुधा नौरिया, सोनम ठाकुर, पवन पटैल, दीपक कोरी, रोहित पटैल, बाल किशन पाली, आकाश पटैल, बसंत काछी, अंकित जैन, स्वर्ण कौरव, आदित्य कोरी, अंशुल सोनी, वीरेन्द्र उरांव के आलवा सहा ग्रेड 3 श्रीमति कविता विश्वकर्मा, भृत्य राम कुमार पाठक, वाहन चालक चरनदास ठाकुर, ग्राम कोटवार लालजी मेहरा, हिमांशु मेहरा, कमलेश मेहरा, राजीव मेहरा, मनोज मेहरा, सुमेर मेहरा, हीरा लाल मेहरा व बीएलओ नीलेश दीक्षित, रितु साहू, मीना राजपूत शामिल है। इसी प्रकार से पुलिस विभाग के आरक्षक क्रमांक 635 ऐश्वग्र वेकट थाने में तकनीकी व अपराध विवेचना में सहयोग, आरक्षक 374 अक्षय श्रीवास्तव चीता डियूटी में नगर भ्रमण व कानून व्यवस्था में विशेष योगदान, महिला आरक्षक गीता अग्रवाल थाने के सीसीटीएनस कार्य व महिला संबंधी अपराधों के निराकरण में विशेष सहयोग के लिये। वही शिक्षा विभाग से कमलेश पाराशर सहायक शिक्षक, अखिलेश शर्मा प्राथमिक शिक्षक, श्रीमति निधि साहू, लेखराम गौतम, अजय कुमार मेहरा को शैक्षिक गुणवत्ता के लिये। वही आयोजित राष्ट्रीय बांलीवाल प्रतियोगिता में विशेष योगदान के लिये परिवहन समिति से बीआरसी टीम सांईखेडा, भोजन समिति के लिये प्राचार्य के एन व्ही, कन्ट्रोल रूम समिति के निर्वाहन लिये शासकीय आदर्श स्कूल प्राचार्य एस के मिश्रा गुरूदेव सहित उनकी टीम, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के लिये बीआई स्कूल प्राचार्य, आवास व्यवस्था समिति से कन्या शाला प्राचार्य, पेयजल व्यवस्था को लेकर राजेश गुप्ता को सम्मानित किया गया। वही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से उपयंत्री कुमारी काजल यादव, हैण्ड पंप टैक्नीशियन देवेन्द्र चौरासिया, मनोज कुमार राणा तथा वन विभाग की ओर से वन रक्षक मनीष कुमार तिवारी को एनटीपीसी वृक्षारोपण में प्रभारी के रूप में रोपण क्षेत्रों को सुरक्षित रखने व परिक्षेत्र में अवैध लकड़ी कटने पर रोक लगाने में उत्कृष्ट कार्य के लिये, वन रक्षक घनश्याम श्रीवास मादा मोर का शिकार को पकड़ने में सफलता को लेकर, वन रक्षक उमेश कुमार गौड को वन्य प्राणी का मांस खाते हुये आरोपियों को पकड़ने की उपलब्धि को लेकर सम्मान मिला। इसी प्रकार से स्वास्थ्य विभाग से डा त्रिभुवन प्रताप सिंह कौरव मेडिकल आफीसर, डा आशुतोष मेहता दंत चिकित्सक, यू एस पटैल नेत्र चिकित्सक सहायक, नर्सिग प्रभारी श्रीमति सुनीता शर्माद्व नर्सिग आफिसर श्रीमति प्राची राठौर, एम पी डब्लू प्रवीण पटैल शामिल है। वही निर्वाचन विभाग से अमित कोष्टी सहायक राजस्व निरीक्षक नगर पालिका परिषद, प्रसन्न खत्री व्याख्याता शा उ मा शा कठौतिया, राजेन्द्र विश्वकर्मा ओडिटर कार्या विकासखंड साईखेडा, सतेन्द्र साहू सहायक प्रोग्रामर निर्वाचन शाखा के आलवा एसआईआर कार्य के लिये शिक्षक श्रीमति सोनू बुधौलिया, श्रीमति रूपाली सेन, सुश्री आयुषी लोहिया, श्रीमति साक्षी बैध, डालचंद पटैल, अनीता भाटी, संतोष शर्मा, गजेन्द्र वर्माद्व कपिल श्रीवास, लक्ष्मी नारायण वर्मा, शुभम जाधव, अमित वर्मा, डाटा एन्ट्री आपरेटर सौरभ श्रीवास्तव, चेतराम जाटव, सौरभ श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुर्मी। वही महिला बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमति हेमलता चौधरी, सुश्री शिवानी नामदेव व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति मधु गुप्ता, श्रीमति बैजन्ती कहार व आपरेटर पवन कुमार कलम्बे, विनोद कुमार धानक। वही दूसरी ओर शासकीय आयोजनो से लेकर नगर की बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये सहायक अभियंता आशीष पटैल, शुभम मेहरा तथा परीक्षण सहायक मनोज नगाईच, परिचारक सावन सिंह पटैल, लाईन मेन आडटसोर्स शिव कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया है। अलग अलग विभाग के इन अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करते हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे ने कहा कि अपनी डियूटी तो सभी लोग करते है। मगर कुछ अधिकारी व कर्मचारी इस तरह से होते है जो अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के दौरान एक अनोखी पहचान बनाते हुये अपने कार्य में जिस तरह से निष्ठा का परिचय देते हुये देखे जाते है उन्ही में शामिल इन अधिकारियों व कर्मचारियों को आज सम्मानित करने का जो अवसर प्राप्त हुआ है बड़ी खुशी हो रही है। सार्वजनिक गणतंत्र दिवस के आयोजित कार्यक्रम के मौके पर नगर पालिका परिष्द के पार्षद गण, सभा पतियों के आलवा नगर के पत्रकार व आमजन भी मौजूद रहे।

# आज पूर्णाहुति के साथ समापन होगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, यदि धन कमा लिया और बच्चों को संस्कार नहीं दिये तो वह कमाई कुछ काम की नहीं- विपिन बिहारी









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के आजाद वार्ड इन्द्रा कालोनी में चल रहे चार वेद, 18 पुराण व 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में जिस तरह से जन उमड़ते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित तौर से गाडरवारा नगर के लिये एक नया इतिहास बनाने से नही चूक रहा है। इस तरह आयोजित नौ दिवसीय महा यज्ञ का आज पूर्ण आहूति के साथ समापन होगा। वही कल विशाल भण्डारे के साथ हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करेगे। वही आयोजन में धर्मा की गंगा प्रवाहित करने के लिये पधारे हुये श्रीश्री 1008 श्री जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज कामदगिरी पीठाधीश्वर द्वारा जहां 22 से 23 जनवरी को यानि की दो दिन भगवान राम जी की कथा सुनाई गई तो दूसरी ओर गौ पीठाधीश्वर संत विपिन बिहारी महाराज द्वारा 24 जनवरी से कल 28 जनवरी तक भगवान की कथा सुनाते हुये संपूर्ण क्षेत्र के लोगों को धर्म के महासागर में गोता लगाने के लिये मजबूर कर दिया गया था। इसी प्रकार से कथा व्यास के रूप में पधारे हुये आचार्य प्रदीप मणि महाराज वृद्वावन धाम द्वारा भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मार्मिक रूप से वर्णन सुनाते हुये महौल को पूर्णरूप से धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोडी गई थी। इस तरह भक्तों को भगवान की लीला सुनाते हुये बिपिन बिहारी महाराज ने कहा कि यदि तुम्हारे घर में धन का अम्बार लगा हुआ है और बच्चों में संस्कार नही है तो वह धन किसी काम का नही है। क्योंकि वह संस्कार हीन बच्चे आपक धन का उपयोग इस तरह के कृत्यों में करेगे जिसकी कल्पना नही की जा सकती है। इम कहते है कि कमाई करने में कोई बुराई नही है। मगर कमाई के चक्कर में अपने बच्चों को संस्कार देना नही भूलना चाहिये। इस दौरान महाराज जी ने सुख सुविधाओं का लाभ अर्जित करते हुये सुख सुविधाये भोगने वालों पर कटाक्ष करते हुये कहा कि आजकल की परम्परा बन चुकी है कि लोग राजनीति में हर घर से एक ही परिवार के लोग दो अलग अलग पार्टियों में शामिल होना पसंद करने लगे है। क्योंकि वह जानते है कि सत्ता किसी ने किसी पार्टी की तो बनेगी अपनी हमारी दोनों ओर चलेगी...? इस तरह जहां विपिन बिहारी महाराज द्वारा सुनाई जा रही कथा में जहां एक ओर भक्ति का रस बरसते हुये तो देखा ही जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर लोगों को हंसने के लिये भी मजबूर करने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर कथा व्यास प्रदीप मणि द्वारा भी कथा सुनाते हुये कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। जिस व्यक्ति अहंकार में डूब जाता है उसे सही रास्ते पर लाने का मार्ग भागवत कथा से मिलता है। मोह से वैराग्य और अज्ञान से ज्ञान की ओर भागवत कथा ले जाती है। वही समाज में नैतिकता, सद्भाव और आत्मिक शुद्धि का माध्यम है। विशेषकर युवाओं और गृहस्थों के लिए नारद चरित यह प्रेरणा देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी ईश्वर-स्मरण और सत्संग से जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। मनुष्य को जो कुछ भी मिलता है, वह अपने कर्म व भाग्य से मिलता है। कर्म करोगे तो उसका फल जरूर मिलेगा। सुख और दुःख दोनों ही मन की कल्पना है और इनके अनुसार व्यक्ति सुख-दुख का अनुभव करता है।

# अज्ञात कारणों के चलते वृद्व ने फांसी पर झूलकर जीवन लीला को किया समाप्त



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां बीते हुये सोमवार को संपूर्ण क्षेत्र के लोग राष्ट्र भक्ति में लीन नजर आ रहे थें। मगर वही दूसरी ओर समीपस्थ ग्राम उकासघाट में एक वृद्व द्वारा जिस तरह फांसी लगाते हुये अपनी जीवन लीला को समाप्त करने की घटना को अंजाम दिया गया था वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा था। बताया जाता है कि गाडरवारा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम उकासघाट भमका निवासी भूरा लाल जाटव उम्र लगभग 70 साल द्वारा अपने खेत में बने हुये मकान में फांसी लगाते हुये आत्म हत्या कर ली गई। घटना की सूचना मिलते ही गाडरवारा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम करने के उपरांत शव का पोस्ट मार्टम कराते हुये मामले को जांच में लिया गया है। वही पुलिस द्वारा इस इस बात का पता लगाने की प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार वृद्व द्वारा इस तरह अपनी जिन्दगी समाप्त करने के निर्णय के पीछे क्या कारण छिपा हुआ है...?

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्व. अशोक लोधी की स्मृति में राजेश द्वारा सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने छात्र छात्राओं को किया सम्मानित





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** निश्चित तौर से जब कोई व्यक्ति अपनों से सदा की लिये दूर हो जाता है तो उसके परिवारजन उसकी स्मृति में इस तरह के सराहनीय कार्यक्रम करते हुये देखे जाते है जिसके चलते दूर होने वाले व्यक्ति को सदा ही याद रखा जाने लगता है। कुछ इसी प्रकार से सालीचौका के युवा राजेश वर्मा द्वारा स्व अशोक लोधी की स्मृति में हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने से नही चूकते है। बीते हुये वर्षो की भांति लगातार इस साल भी बीते हुये गणतंत्र दिवस के अवसर शासकीय हाई स्कूल सहावन में स्वर्गीय अशोक कुमार लोधी की स्मृति में उनके छोटे भाई आईसना पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार लोधी के द्वारा नगर में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमे में मुख्य रूप से हाई स्कूल सहावन में कक्षा 10वीं व 9वीं एवं 8वीं तथा 5वीं मैं प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रोंओ व को शील्ड व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर शाला मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर बच्चों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं कक्षा दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत आने पर हाई स्कूल सहावन के शिक्षा स्टाफ को शील्ड देकर भी सम्मान किया गया। इस तरह कक्षा 10वी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी अंकिता साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू 94.6 प्रतिशत व द्वितीय स्थान पर रहने वाली कुमारी गरिमा साहू पिता सुनील कुमार साहू 94.2% तथा तृतीय नूतन वर्मा पिता उत्तम वर्मा 93.6% को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से कक्षा 9 वी में वार्षिक परीक्षा में प्रथम रितिका पटेल पिता सुबोध पटेल 94.2% व द्वितीय स्थान सिमरन मेहरा पिता गोपाल प्रसाद मेहरा 92.8% तथा तृतीय स्थान तनिष्का वर्मा पिता चंद्रभान वर्मा 89.4 को को हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर इन प्रतिभाओं को शील्ड व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया वहीं इस मौके पर ग्राम सहावन के समाजसेवी अशोक कुमार सिलोकिया द्वारा भी कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त वाले बच्चों को 7001रूपये नगद व शील्ड तथा द्वितीय स्थान प्राप्त वाले बच्चे को 5001 रूपये शील्ड और तृतीय स्थान प्राप्त करने बच्चे 3001 रूपये शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से आईसना पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश लोधी,जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा बाई अहिरवार व ग्राम के सरपंच बलवीर ठाकुर सहित उप सरपंच भगवान दास वर्मा, सचिव तेजराम वर्मा, प्रभारी प्राचार्य सुर्यकांत मेहरा के आलवा गांव के मुराली शास्त्री, अशोक सिलोकिया, सौरभ पटेल, नरेश भुसलोडिया, महेंद्र पटेल, धनराज मुहारिया, नीलेश मुहारिया, कमलेश अहिरवार के आलवा स्कूल के शिक्षक राजेन्द्र ठाकुर, प्रदीप पटेल, संजू कौरव, शीरीष पाठकार, लखन लाल चोधरी, पुरूषोत्तम लोधी, श्रीमती अंकिता मेहरा, गनेश प्रसाद वर्मा विपुल तिवारी, राजकुमार गुप्ता, हेमराज राय, श्रीमती, आरती चोकसे दुर्गेश वर्मा, सोरभ तिनगुडिया , शिवम कौरव, श्रीमती सीनू अग्रवाल, श्रीमती खुशबू कौरव, नीलम भमोरया सहित संस्था के छात्र छात्राये व ग्रामीणजन मौजूद थें।

# नवरात्र के दौरान पर्यावरण की रक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरूता लाने वाली दुर्गा समितियों को किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा जिस तरह नगर में लोगों को स्वच्छता का संदेश देने के साथ साथ पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूकता लाने की मुहिम छेड़ते हुये बीते हुये वर्ष अक्टूबर माह में नगर की नवरात्र पर्व के दौरान दुर्गा समितियों को सम्मानित करने की बात कहते हुये कहा गया था कि नवरात्र के दौरान जिन दुर्गा समितियों द्वारा अपने पंडालों में विशेष साफ सफाई के साथ साथ पर्यावरण की रक्षा के लिये पन्नी मुक्त रखेगे उनको गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मानित किया जावेगा। इसी के चलते बीते हुये 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर माई की महापंचायत के माध्यम से सभी दुर्गा उत्सव समिति को एक मंच पर लाने के प्रयास के साथ नवरात्रि का महापर्व के अवसर पौधारोपण, स्वच्छता एवं भंडारे प्रसादी में हरित सामग्री का उपयोग कर प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान देने वाली दुर्गा समितियों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में पौधारोपण हेतु रेलवे दुर्गा उत्सव समिति तथा साफ सफाई व स्वच्छता को लेकर शक्तिधाम दरबार, पौधा रोपण स्वच्छता जागरूकता एवं हरित जोना पत्तल उपयोग करने हेतु नव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति, हरित जोना पत्तल उपयोग करने हेतु जय मां दुर्गा समिति, बजरंग वाटिका दुर्गा उत्सव समिति को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय रुद्र मैदान में स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर शहर की समस्त दुर्गा उत्सव समिति को प्रोत्साहन हेतु विशेष प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष भार्गव द्वारा चिरह स्कूल में ध्वजा रोहण करते हुये बच्चों के बीच बैठकर बांटी खुशिया





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सदा ही समाज सेवा में आगे रहने वाले समाज सेवी व युवा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक भार्गव द्वारा बीते हुये सोमवार को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों के बीच बैठकर राष्ट्रीय पर्व क खुशियाँ मनाते हुये देखा गया। बताया जाता है कि बीते हुये गणतंत्र दिवस के मौके पर समीपस्थ ग्राम चिरहकला हाई स्कूल में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक भार्गव शामिल हुये थें। इस मौके पर उन्होनें ध्वजा रोहण करते हुये जहां तिरंगे को सलामी दी गई। वही राष्ट्रगान उपरांत बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि आज बड़ी खुशी देखने मिल रही है कि ग्राम के बच्चों में राष्ट्रीय पर्व को लेकर उत्साह बना हुआ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों मे अध्ययन करने वाले बच्चों के लिये सरकार द्वारा जिस प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किये जा रहे है उसके चलते निश्चित बच्चें अपनी संस्था के साथ साथ अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने में पीछे नही है। क्योंकि बीते हुये नवम्बर माह में गाडरवारा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों की टीमों ने भाग लेते हुये शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों की सच्चाई को उजागर कर दिया है कि वह किस तरह अपनी संस्थाओं का नाम राष्ट्र स्तर पर ऊंचा करते है। वही गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित किये गये सांस्कृति कार्यक्रमों में जिस तरह से प्रस्तुति दी गई उसके चलते मौजूद लोग मग्न होने से नही चूक पाये थें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव सहित स्कूल के शिक्षक व ग्रामीणजन मौजूद थें।

## खबर संक्षेप

### प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पेंशनरों ने मनाया गणतंत्र दिवस

**डिंडौरी।** प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय स्थित पेंशनर चौराहा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। संगठन के प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष रामगोपाल तिवारी एवं संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वे, महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमती सी.बी. उरैती, जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रांतीय निकाय द्वारा प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र अभियान के तहत उपस्थित पेंशनरों से अलग-अलग हस्ताक्षर कराए गए। साथ ही आगामी 9 फरवरी को कोणार्क मैरिज गार्डन में आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन के लिए आमंत्रण पत्र भी वितरित किए गए। गणतंत्र दिवस समारोह में लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. देवेंद्र मरकाम, पूर्व तहसीलदार राय सिंह कुशराम, वरिष्ठ पेंशनर श्रीमती भागवती पाठक, मदन सिंह परस्ते, पं. हीरालाल दुबे, एस.के. शर्मा एवं सी.डी. गवले की विशेष उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात समस्त पेंशनरों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया।कार्यक्रम में पेंशनर बहनों द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन, देशभक्ति गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति दी गई, जिसमें श्रीमती अंजोरा तेकाम एवं पूर्व सरपंच शशिप्रभा मरावी की प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई। न्याय विभाग से सेवानिवृत्त श्री जागेश्वर दास पड़वार ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, महामंत्री राममूरत सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष राजनारायण दीक्षित, सह-कोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद मिश्रा, उपाध्यक्ष बी.एम. शुक्ला, श्यामलाल साहू, श्रीमती भागवती मरकाम, श्रीमती कीर्ति कछवाहा, जिला प्रवक्ता अनिल श्रीवास्तव, जिला सचिव श्रीमती ऊषा चौंकसे, संदीप चौरसिया, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल सहित अनेक पदाधिकारी एवं पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पेंशनरों केएल जैन, डीके जैन, मोहम्मद इरफान, सुखराम परस्ते, सुरेश ब्यौहार, सुरेश बघेल, जेपी गवले, हीरालाल गायकवाड़, सुग्रीव सिंह मार्को, जीआर महोबिया एवं लक्ष्मण प्रसाद अहिरवार ने 9 फरवरी को आयोजित वार्षिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आह्वान किया।

### रासेयो इकाई साप्ताहिक शिविर में स्वरोजगार जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की साप्ताहिक शिविर के माध्यम से ग्राम डुंगरिया में स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता उद्योगिनि कोल्ड प्रेस ऑयल अमरपुर की संचालक दीदियां संपतिया कुशराम, बुंदिया मसराम, अजय गुप्ता, वेल्यू चयन सलाहकार एवं रितेश उसराठे, प्रोजेक्ट एसोसिएट ने रासेयो स्वयं सेवकों को स्वरोगार या उद्योग प्रारंभ करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन के साथ तकनीकी समस्या, जोखिम, पूंजी, बाजारीकरण करने आदि महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट की परिचय प्रदान की गई।

पत्रकार वार्ता में केंद्र और राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप, नागपुर के इशारे पर ले रहे फैसला

# 13 सूत्रीय मांगों को लेकर ओबीसी महासभा की चेतावनी, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**डिंडौरी।** ओबीसी महासभा के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ. बृजेंद्र सिंह यादव ने जिला मुख्यालय स्थित दीदी कैफे में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार पर ओबीसी आरक्षण को लेकर लापरवाही बरतने और सरकार व व्यवस्था में ओबीसी समाज की लगातार उपेक्षा करने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी आबादी होने के बावजूद ओबीसी वर्ग आज भी शिक्षा, रोजगार और नीति-निर्माण की मुख्यधारा से दूर है, जो सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।प्रेसवार्ता में डॉ. यादव ने 13 सूत्रीय मांग पत्र जारी करते हुए इनके शीघ्र निराकरण की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने इन मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो ओबीसी समाज को अपने अधिकारों के लिए और अधिक संगठित संघर्ष करना पड़ेगा।ओबीसी महासभा द्वारा जारी मांग-पत्र में मंडल आयोग एवं महाजन आयोग की अनुशंसाओं को पूर्ण रूप से लागू करने, ओबीसी समाज की जनगणना घोषित करने, तथा संख्या के अनुपात में विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण सुनिश्चित करने की प्रमुख मांग शामिल है। इसके साथ ही किसानों की उपज का वर्तमान मूल्य बढ़ाकर तीन गुना किए जाने की भी मांग रखी गई है।महासभा ने यह भी मांग की है कि



विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं निजी क्षेत्रों में ओबीसी को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व दिया जाए। वहीं ओबीसी आरक्षण में लागू क्रीमीलेयर की असंवैधानिक शर्तों को समाप्त करने और केंद्र व राज्य सरकार के विभागों में ओबीसी के रिक्त पदों को तत्काल भरने पर भी जोर दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की मांग करते हुए महासभा ने ओबीसी छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की वार्षिक आय सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने, प्रत्येक तहसील स्तर पर 500 छात्र-छात्राओं के लिए सर्वसुविधायुक्त छात्रावास की व्यवस्था करने तथा एससी/एसटी वर्ग की तर्ज पर न्यूनतम आवेदन शुल्क, रेलवे भत्ता एवं अन्य सुविधाएं देने की मांग की है। इसके साथ ही समान एवं निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था लागू करने की भी मांग प्रमुख रूप से रखी गई।संगठन ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए पिछड़ी जातियों में आपसी मेल-मिलाप, भाईचारा, सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता जताई। साथ ही समाज में फैले अंधविश्वास और पाखंड के खिलाफ जागरूकता बढ़ाकर वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने की बात कही गई। महासभा ने 13 प्रतिशत होल्ड समाप्त कर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग भी दोहराई।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि यह 13 सूत्रीय मांगें केवल ओबीसी समाज ही नहीं, बल्कि देश में समानता और सामाजिक न्याय की नींव को मजबूत करने वाली हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इन मांगों पर तत्काल निर्णय लेकर ओबीसी समाज के साथ हो रहे अन्याय को समाप्त करे। इस दौरान डिंडौरी जिला अध्यक्ष अनिल पनरिया, भगवत यादव, मयंक सोनवानी, सुधीर चौरसिया, भोले मोहारी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

# जनसुरक्षा बनाम लापरवाही: 25 लाख के डिवाइडर निर्माण पर उठे गंभीर सवाल



**डिंडोरी।** नगर परिषद डिंडोरी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर लगभग 25 लाख की लागत से निर्मित डिवाइडर के निर्माण को लेकर गंभीर तकनीकी सवाल उठ खड़े हुए हैं। इस संबंध में डिंडोरी के अधिवक्ता सम्यक जैन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्य प्रदेश शासन के आयुक्त को औपचारिक शिकायत पत्र प्रेषित किया है। अधिवक्ता ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि डिवाइडर की ऊँचाई, चौड़ाई और संरचनात्मक प्रोफ़ाइल अत्यंत कम है और यह प्रचलित सड़क सुरक्षा तथा रोड सैफ़्टी डिजाइन मानकों के अनुरूप नहीं है। डिवाइडर का मूल उद्देश्य विपरीत दिशा के यातायात को पृथक करना, आमने-सामने की टक्कर को रोकना और वाहन चालकों को सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करना होता है, लेकिन वर्तमान में निर्मित डिवाइडर तकनीकी दृष्टि से अपनी कार्यक्षमता में पूर्णतः विफल है।

### इन प्रमुख तकनीकी खामियों को किया शामिल:

पत्र में वर्णित प्रमुख तकनीकी खामियों में शामिल हैं—कम ऊँचाई के कारण यह डिवाइडर वाहनों को लेन क्रॉस करने से प्रभावी रूप से रोकने में असमर्थ है, जिससे आपातकालीन ब्रेकिंग या फिसलन की स्थिति में वाहन विपरीत लेन में प्रवेश कर सकते हैं। इसके अलावा, यह यातायात को समुचित लेन अनुशासन में मार्गदर्शन नहीं कर रहा है, जिससे ट्रैफिक फ्लो प्रभावित होगा। मीडियन बैरियर के रूप में यह डिवाइडर प्रभावी नहीं है और केवल सतही कंक्रीट एलिमेंट बनकर रह जाएगा। तीखे किनारे और कम ऊँचाई इसे विशेष रूप से दोपहिया और हल्के वाहनों के लिए जोखिमपूर्ण बना देती है, जिससे गिरने या गंभीर चोट का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही, डिवाइडर किसी भी टक्कर की ऊर्जा को सुरक्षित रूप से अवशोषित या नियंत्रित नहीं कर सकता, जिससे दुर्घटना की तीव्रता बढ़ने की संभावना रहती है। दृष्टिगत रूप से यह संरचना दिखाई देने के बावजूद सड़क सुरक्षा के फंक्शनल डिज़ाइन मानकों का उल्लंघन करती है।अधिवक्ता सम्यक जैन ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि निर्माण की अनुमानित लागत और वास्तविक उपयोगिता के बीच भारी अंतर होने के कारण यह गंभीर संदेह उत्पन्न होता है कि निर्माण कार्य या तो स्वीकृत डीपीआर और तकनीकी ड्रॉइंग के अनुरूप नहीं किया गया है, या डीपीआर तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण एवं मानकों के विपरीत तैयार किया गया है। यह स्थिति न केवल सड़क सुरक्षा को प्रभावित करती है, बल्कि सार्वजनिक धन के विवेकपूर्ण उपयोग के सिद्धांतों के भी प्रतिकूल है। इस संदर्भ में अधिवक्ता ने मांग की है कि निर्माण कार्य की तत्काल स्वतंत्र तकनीकी जाँच और रोड सेफ्टी ऑडिट कराई जाए, जांच पूरी होने तक ठेकेदार के सभी भुगतानों पर रोक लगाई जाए और यदि कार्य मानकों के विपरीत पाया गया तो जिम्मेदार ठेकेदार एवं अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए डिवाइडर की डिजाइन, ऊँचाई और संरचना में आवश्यक तकनीकी सुधार भी कराया जाए।अधिवक्ता सम्यक जैन ने स्पष्ट किया है कि यह शिकायत जनहित, सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक धन के संरक्षण के उद्देश्य से प्रस्तुत की गई है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और सड़क सुरक्षा से जुड़े इस मामले में क्या ठोस और शीघ्र कार्रवाई करता है।




# नगर परिषद शहपुरा पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

### राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**डिंडोरी** - नगर परिषद शहपुरा में चल रहे NH-45E डिवाइडर निर्माण कार्य को लेकर भ्रष्टाचार, मनमानी और गंभीर तकनीकी खामियों के सनसनीखेज आरोप सामने आए हैं। नगर के जागरूक नागरिकों ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच, दोषी अधिकारियों-ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नगर परिषद द्वारा NH-45E मुख्य मार्ग पर बिना किसी स्वीकृत रोड-मैप, तकनीकी अनुमति और वैज्ञानिक प्लानिंग के डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में लगभग चार फीट ऊंचा डिवाइडर खड़ा कर दिया गया है, जिसमें मिट्टी भराव और पौधरोपण के बाद इसकी ऊंचाई सात फीट तक पहुंचने की आशंका है। इससे दृश्यता बाधित हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। डिवाइडर निर्माण से नगर का मुख्य बाजार क्षेत्र दो हिस्सों में बंट गया है। नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल, जिला सहकारी बैंक, नगर परिषद कार्यालय, अस्पताल, तहसील, उत्कृष्ट विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थानों के सामने आवश्यक कट नहीं छोड़े गए हैं, जिससे एम्बुलेंस, स्कूल बसों और आम नागरिकों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिना नाली, फुटपाथ और पुलिया निर्माण के ही डिवाइडर खड़ा कर दिया गया, जबकि सड़क के दोनों ओर पहले से जर्जर नालियां मौजूद हैं। निवास-जबलपुर-डिंडोरी तिराहा, बस स्टैंड और शहीद स्मारक चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर डिवाइडर निर्माण को तकनीकी रूप से गलत बताया गया है, जहां वाहनों के मुड़ने में भारी परेशानी हो रही है। नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय में राजनीतिक हस्तक्षेप, गुणवत्ता विहीन निर्माण और ठेकेदारों की मनमानी के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। स्थानीय स्तर पर शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में विशेषज्ञ इंजीनियरों की टीम से जांच, डिवाइडर की ऊंचाई कम करने, चिन्हित स्थलों पर तत्काल कट देने और भविष्य में किसी भी दुर्घटना की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो किसी बड़ी दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश गुप्ता (पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद), संजय दुबे, अवध सिंह ठाकुर, कौशल सिंह ठाकुर, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी एवं मोहित लाल साहू शामिल रहे।

### मंडल मानिकपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन



**डिंडौरी।** शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू समाज की एकता, संस्कृति और स्वदेशी विचारधारा को सशक्त करने का संदेश दिया गया।सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में श्याम जी ने संबोधित करते हुए हिंदू समाज को संगठित रहने तथा देशी वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है। vकार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम गिरि जी महाराज (मालपुर) रहे। विशेष अतिथि के रूप में द्रोणाचार्य जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृ शक्ति श्रीमती सुदामा झारिया ने की। वहीं मंडल पालक नरेश, ग्राम मुकद्दम रामसरन बागवान, सेवानिवृत्त शिक्षक बद्री प्रसाद असाटी सहित अन्य गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र सिंह मरावी, अर्जुन झारिया, तेज़ीलाल झारिया, कन्हैया बागवान, टोकेश्वर बागवान, नारायण काछी, राजेंद्र झारिया, नरेश झारिया, जगन सिंह, विश्वनाथ झारिया, ओमप्रकाश बागवान सहित ग्राम एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में हिंदूजन एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प और राष्ट्रहित के संदेश के साथ हुआ।

# जिला खनिज प्रतिष्ठान की कार्यपालिका समिति एवं न्यास मण्डल की संयुक्त बैठक सम्पन्न



**डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज प्रतिष्ठान की कार्यपालिका समिति एवं न्यास मण्डल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई । बैठक में पूर्व वित्तीय वर्षों में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई एवं नए वित्तीय वर्ष हेतु कार्यों विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास, वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट के अनुमोदन और आगामी वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।**

बैठक में जानकारी दी गई कि 31 मार्च 2025 की स्थिति में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में कुल 71,49,908 रुपये की राशि उपलब्ध है। नियमों के अनुसार, इस राशि का 60 प्रतिशत (42,89,945 रुपये) उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पेयजल प्रदाय, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, तथा कौशल विकास पर व्यय किया जाएगा। शेष 40 प्रतिशत राशि भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई और ऊर्जा विकास जैसे अन्य प्राथमिक क्षेत्रों के लिए सुरक्षित की गई है । विगत वर्षों की प्रगति पर चर्चा की गई और संबंधित विभाग को अपने कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 56.59 लाख रुपये प्राप्त हुए। इस राशि से पुराने केंद्रीय विद्यालय में कोचिंग क्लासेस का संचालन, विभिन्न विकासखंडों के स्कूलों में नलकूप खनन और आदिवासी छात्रावासों में खेल सामग्री के वितरण जैसे जनहितैषी कार्य किए जा रहे हैं।

### नई कार्ययोजना और भविष्य की चुनौतियां

बैठक में डीएमएफ भाग-ख के अंतर्गत जनजातीय ग्रामों में देवालयों के समीप जन-सुविधाएं विकसित करने के लिए 26 लाख रुपये के कार्यों पर भी चर्चा हुई। साथ ही, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा विभागीय भवनों के निर्माण हेतु प्रस्तुत 420 लाख रुपये के बड़े प्रस्ताव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया  कलेक्टर ने खनिज अधिकारी का सख्त निर्देश दिए हैं कि बैठक के पूर्व संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को पूर्व में संबंधित पीपीटी फोल्डर की सूचना दी जाए ताकि संबंधित अधिकारी अपने कार्यों की प्रगति प्रस्तुत कर सकें।   कलेक्टर एवं शहपरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, डीएफओ अशोक सोनवानी, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, खनिज अधिकारी अशोक नागले की सर्व सम्मति से आगामी बजट में नर्मदा नदी से मुड़की-शहडोल मार्ग का निर्माण, आर्युवेदिक महाविद्यालय, डिंडौरी शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में आवश्यक कार्य, मॉडल कॉलेज अमरपुर हेतु पहुंच मार्ग, बिलाईखार से बिगईटोला हिरौंदी नदी पर पुलिया निर्माण, इमली कुटी डेम की ऊंचाई बढ़ाने, लक्ष्मण मढ़वा में रपटा पुल का निर्माण, बैडमिंटन हॉल की आवश्यकता पर, आंगनवाड़ी, विद्यालय, लाइब्रेरी में पुस्तक उपलब्ध कराने, किसानों को सिंचाई हेतु सोलर पम्प उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई अर्थात इमली कुटी डेम का ऊंचाई बढ़ने से पानी का भराव पुल तक रहेगा। पानी का लेवल बढने से स्पोटर्स और मोटर बोर्ड कूच भी चलने में सक्षम होंगे। और पानी की पर्याप्त मात्रा होने से आसपास की जमीन में पानी का लेवल भी बढेगा बैठक के दौरान महिला बाल विकास अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, खनिज विभाग, पीएचई, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद डिंडौरी शहपुरा, जल संसाधन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेहंदवानी क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व देशभक्ति के साथ मनाया गया

**डिंडौरी।** मेहंदवानी क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहंदवानी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मेहंदवानी, उप तहसील कार्यालय मेहंदवानी, महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय सहित अन्य शासकीय एवं सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुए।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहंदवानी में संस्था प्रमुख द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गणतंत्र दिवस के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने संविधान की महत्ता, नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय



भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मेहंदवानी में भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत एवं विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण करते हुए संविधान के मूल सिद्धांत—न्याय, समानता एवं स्वतंत्रता—को आत्मसात करने का संदेश दिया।उप तहसील कार्यालय मेहंदवानी में भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आमजन के प्रति कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया गया।समग्र रूप से मेहंदवानी क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह, अनुशासन और देशप्रेम की भावना के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में गणतंत्र दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई उसके उपरांत ग्राम पंचायत बरहटा में सरपंच श्रीमती आरती सुरेन्द्र पटेल ने झंडा वंदन किया। शासकीय कन्या छात्रावास बरहटा का झंडा उच्च माध्यमिक शिक्षक सुनील दीक्षित द्वारा फहराया गया। इसके बाद शासकीय बालक छात्रावास बरहटा और शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहेटा का झंडा संस्था प्रमुख प्राचार्य एस के बक्शी द्वारा फहराया। तदुपरान्त शालेय प्रांगण में समस्त उपस्थित हुए। समस्त अतिथि गणों, अभिभावकों,गणमान्य नागरिकों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार राजपूत जनपद सदस्य, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र पटेल, पूर्व सरपंच शंकर लाल प्रजापति, पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष नूरसिंह यादव की गरिमामय उपस्थिति में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। पूर्व सरपंच द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया और प्राचार्य के द्वारा आभार प्रकट किया गय। अंत में प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त संस्था स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### उत्कृष्ट कार्यो हेतु रासेयो स्वयंसेवक वेदांत सम्मानित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन स्थानीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के मुख्य दलनायक वेदांत दुबे को पल्स पोलियो उन्मूलन एवं एड्स जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर उत्कृष्ट सेवा सम्मान कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र नागेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा सम्मानित किया गया।

### महिला मंडल द्वारा पुरस्कारों का किया वितरण

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस भारतीय जैन मिलन शाखा तेंदूखेड़ा क्षेत्र क्रमांक 10 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर पाठशाला के बच्चों के द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें महिला मंडल की अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों की सराहनीय उपस्थिती रही।

### नहीं रहे सुरेश साहू

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित साहू परिवार के सुरेश साहू रिटायर समीति प्रबंधक का असमय निधन हो जाने पर नगर के सभी वर्गो के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। सुरेश साहू दीपक साहू के पूज्य पिता एवं रमेश महेश दिनेश गनेश साहू के भाई थे।

### मंडलम अध्यक्षों की घोषणा पर रोक

गोटेगांव। नरसिंहपुर भोपाल मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन की नियुक्तियों को लेकर निर्देश जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार, संगठन प्रभारी एवं महामंत्री डॉ. संजय कामले ने समस्त जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण लागू कर दिया है।जारी पत्र के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया है कि अभी तक किसी भी जिले के मंडलम अध्यक्षों की सूची को अनुमोदित नहीं किया गया है। समस्त जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रस्तावित मंडलम अध्यक्षों की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष विचार और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें।

## कम उपलब्धि वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

# पटवारी नीलेश प्रजापति की एक वेतन वृद्धि रोकी

### कलेक्टर ने ली पटवारियों व आर आई की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

**कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने करेली तहसील क्षेत्र के पटवारियों व आर आई की समीक्षा बैठक करेली तहसील के सभाकक्ष में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री, ई- केवायसी, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, संकल्प से समाधान अभियान की विस्तृत समीक्षा की। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान 4 हजार 996 फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य के विरूद्ध पटवारी नीलेश प्रजापति के द्वारा 97 फार्मर रजिस्ट्री की गई थी। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस की 9 शिकायत लंबित पाई गई। इस पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पटवारी श्री प्रजापति की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश मौके पर दिए। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में 80 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले पटवारियों को नोटिस जारी करने निर्देश। राजस्व कार्यों में प्रगति कम पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने आरआई आमगांव श्री संजय कुमार विश्वकर्मा और आरआई बरमान श्री अभिषेक साहू को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।**





#### शिकायतों का निराकरण करें

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि बैठक से अनुपस्थित पटवारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाए। संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को शिविर लगाकर या घर-घर जाकर एकत्रित करें। साथ ही आवेदनों को पोर्टल में दर्ज करें। योजनाओं सेवाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों व शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ समय सीमा पूर्ण करें। अभियान के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों से आवेदन लेकर उन्हें लाभान्वित करें।

#### कैम्पों में पटवारी उपस्थिति अनिवार्य

अभियान के तहत ग्रामों वार्डों में लगने वाले कैम्पों में पटवारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। आयोजित कैम्पों के दौरान सीएससी के माध्यम से अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज कराएं। साथ ही किसानों की फार्मर रजिस्ट्री व नागरिकों की ई- केवायसी का कार्य पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देशित कि पटवारियों की नियमित साप्ताहिक बैठक लेकर अभियानों, राजस्व संबंधी कार्यों, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य कार्य की समीक्षा करें। बैठक में एसडीएम नरसिंहपुर मणिन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सानू चैधरी, तहसीलदार गौरीशंकर शर्मा, पटवारी व आरआई मौजूद थे।

#### कलेक्टर की अध्यक्षता में सीएससी की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में सीएससी व्हीएलईसी की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में एसएलआर रूबी खान, पटवारी और सीएससी जिला प्रबंधक मनमोहन साहू मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी सीएससी व्हीएलईसी को फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल में हाल ही में उपलब्ध कराए गए अपडेट ऑप्शन की विस्तृत जानकारी दी गई। निर्देश दिए गए कि जिन किसानों की भूमि अभी तक पूरी तरह से फार्मर रजिस्ट्री में लिंक नहीं हो पाई है, उनकी भूमि के विवरण को शीघ्रता से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य को समयबद्ध एवं गंभीरता के साथ पूरा किया जाए। बैठक में कहा गया कि फार्मर रजिस्ट्री के सफल एवं शत प्रतिशत क्रियान्वयन से न केवल किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि जिले की समग्र प्रगति में भी वृद्धि होगी।



# शाइनिंग स्टार्स वार्षिक समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस रोशन धौरेलिया इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक समारोह शाइनिंग स्टार्स 2026 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. रुद्रेश तिवारी एवं अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन इंजी. प्रसून धोरेलिया तथा डायरेक्टर इंजी. सोनाली धोरेलीया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन अतिथि के स्वागत से किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। डायरेक्टर इंजी. धोरेलिया ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों पर चारों ओर से दबाव होते है। प्रतिस्पर्धा, उच्च अपेक्षाएँ, जानकारी बोझ, और बहुत कम उम्र में ही सामाजिक दबाव। ऐसी परिस्थितियों में केवल अच्छी किताबें पढ़ा देना या उच्च अंक लाना ही पर्याप्त नहीं है। आज की दुनिया में सफल और संतुलित जीवन के लिए बच्चों को इससे कहीं अधिक की आवश्यकता है। उन्हें चाहिए भावनात्मक मजबूती, आत्मविश्वास, मजबूत नैतिक मूल्य, और स्वतंत्र रूप से सोचने व सही निर्णय लेने का साहस। ये सभी गुण केवल पाठ्य पुस्तकों से नहीं सिखाए जा सकते। इसके लिए घर और विद्यालय दोनों का सहयोग, समझ और सकारात्मक वातावरण अत्यंत आवश्यक है। चेयरमैन इंजी. धोरेलिया ने अपने उद्बोधन कहा कि रोशन धोरेलिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके पश्चात कक्षा 3 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इंग्लिश ड्रामा, कक्षा 1, 2 एवं 3 के विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर विषय पर देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 2 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कश्मीरी थीम डांस ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को सुंदर रूप में प्रदर्शित किया। इसके बाद यूकेजी, कक्षा 1, 2 एवं 3 के विद्यार्थियों ने नरसिंह भगवान अभिनय के माध्यम से पौराणिक कथा को मंच पर जीवंत किया। एलकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रेट्रो थीम डांस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कक्षा 1 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पेरेंट्स थीम डांस ने पारिवारिक मूल्यों का भावपूर्ण संदेश दिया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।



# ग्राम खापा मे रासेयो विशेष शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम खापा में 28 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में ग्राम सरपंच रूपलाल ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी एस.के. बक्शी, प्रधान पाठक डी.पी. ठाकुर तथा सहायक प्रबंधक आदिवासी ग्राहक सहकारी संस्था खापा विश्वपाल सिंह राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों द्वारा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एस.के. बक्शी ने जानकारी दी कि सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत ग्राम में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, जागरूकता रैली, नारे लेखन सहित विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सरपंच रूपलाल ठाकुर ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया एवं ग्राम विकास में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राम मनोहर मुड़िया, गेंदालाल काछी, नजीर खान सहित अनेक ग्रामीणजन एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन में बाल लीला, गोवर्धन पूजा का वर्णन



गोटेगांव

विगत दिवस रेलवे पुल के आगे सिद्ध बाबा मंदिर के पास चल रही भागवत कथा में भक्ति का माहौल बना रहा। कथावाचक राम कृष्ण शास्त्री ने बताया बाल लीला, गोवर्धन पूजा, और भागवत कथा आपस में जुड़े हैं, जहाँ भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं (जैसे पूतना वध) और फिर गोवर्धन लीला (इंद्र के अहंकार को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाना) का वर्णन होता है, जिसके बाद गोवर्धन पूजा होती है, जो भक्तों को भगवान की भक्ति और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देती है। यह कथाएं भागवत पुराण और अन्य ग्रंथों में मिलती हैं और कृष्ण की लीलाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो उनके भक्तों को आनंद और प्रेरणा देती हैं। बाल लीला और भागवत कथा का संबंधश्रीमद्भागवत महापुराण में कृष्ण के जन्म, बचपन और उनकी अनेक मनमोहक लीलाओं का विस्तृत वर्णन है, जिसमें पूतना वध, कालिया नाग दमन, माखन चोरी और रासलीला जैसी बाल लीलाएँ शामिल हैं।कथावाचक इन लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्तों को कृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति जगाते हैं। गोवर्धन लीला और गोवर्धन पूजाइंद्र का अभिमानः इंद्र देव ने क्रोधित होकर ब्रज पर मूसलाधार बारिश करवाई, क्योंकि ब्रजवासी अब उनकी पूजा छोड़कर गोवर्धन और गायों की पूजा करने लगे थे।कृष्ण की लीलाः इस संकट से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर पूरे गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और सात दिनों तक ब्रजवासियों को इंद्र की वर्षा से बचाया।संदेशः यह लीला यह दर्शाती है कि भगवान ही भक्तों के सच्चे रक्षक हैं और प्रकृति पूजनीय है।अन्नकूटः गोवर्धन पर्वत को नीचे रखने के बाद, श्रीकृष्ण ने प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा और अन्नकूट मनाने का आदेश दिया, जिसमें विभिन्न प्रकार के भोजन (56 भोग) बनाकर भगवान को अर्पित किए जाते हैं। कथा का महत्वभागवत कथा के दौरान इन लीलाओं का वर्णन सुनकर भक्त भावुक हो जाते हैं और भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं।यह कथाएँ हमें याद दिलाती हैं कि परमात्मा ही हर संकट से रक्षा कर सकते हैं और हमें अहंकार त्याग कर भक्ति करनी चाहिए। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओ ने जयकारो के साथ कथा का आनंद लिया। आयोजन में गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश , यजमान राजू साहू ,राम जी साहू सहित अन्य श्रद्धालुओ की उपस्थिति रही। कथा के अंत में आरती कर सभी के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की गई।

# यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में 77वां राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया

गोटेगांव

नगर की अग्रणी संस्था यूनिवर्सल हायर सेकेंडरी विद्यालय में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस का 77वां राष्ट्रीय पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ आकर्षक एवं रंगारंग माहौल में संपन्न हुआ। प्रारंभ सुबह 9:00 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसे संस्था के डायरेक्टर अरविंद पटैल द्वारा संपन्न किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में भारत के संविधान के महत्व और हमारे गणतंत्र के मूल्यों पर प्रकाश डाला, साथ ही छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया, तत्पश्चात प्राचार्या महोदया द्वारा अपने संक्षिप्त उद्बोधन में गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया और संविधान के प्रति हमारे कर्तव्यों पर प्रकाश डाला, ध्वजारोहण एवं डायरेक्टर सर के उद्बोधन के पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा स्वतंत्रता



सेनानियों की वेशभूषा धारण कर आकर्षक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जिसको सभी ने खूब सराहा। इसी क्रम में आगे छात्र/ छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्यों, नाटकों, कविताओं एवं अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से अतुल्य भारत एवं भारत की विविधता में एकता को प्रदर्शित किया इन विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां विशेष रूप से मनमोहक और सराहनीय रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल/ शिक्षा और अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया।अंत में संस्था प्रमुख द्वारा उपस्थित समस्त अभिभावकों, नागरिक बंधुओं तथा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने एवं सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।पूरे समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल रहा

# अतिथि शिक्षकों के हितों को लेकर बन रही है पालिसी

तेंदूखेड़ा

अतिथि शिक्षकों के हितों को लेकर विगत दिनों एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से मिला जिनसे काफी लंबे समय तक चर्चा हुई।प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश मरैया के साथ अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामकिशोर कौरव के नेतृत्व में सकारात्मक चर्चा हुई। राहत भरी खबर यह रही कि आने वाले समय में 12 माह सेवाकाल अवकाश की पात्रता एवं वेतन वृद्धि भर्ती प्रक्रिया में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी

इंदिरा भवन, शिवाजी नगर, भोपाल-462 016 (म.प्र.)

क्रमांक 90/26 दिनांक 27.01.2026

प्रिय साथी,

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जी के निर्देशानुसार समस्त जिला अध्यक्षों से आग्रह है कि गठित होने वाले मंडलम अध्यक्षों की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रस्तुत करें। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन के पूर्व मण्डलम अध्यक्षों की घोषणा नहीं की जायेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अभी किसी भी जिले के मण्डलम अध्यक्षों की सूची को अनुमोदित नहीं किया गया है।

अगर किसी जिला अध्यक्ष द्वारा जिले के मण्डलम अध्यक्षों की

अवकाश की पात्रता पर विचार चल रहा है। अतिथि शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए समस्त टीम ने शिक्षा मंत्री का फूलमाला एवं गुलदस्ता भेंट कर आभार जताया । इसमें कल्याणपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अतिथि शिक्षकों ने हरियाणा और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अतिथियों के लिए पॉलिसी बनाने एवं पंचायत सचिवों की तर्ज पर महासम्मेलन बुलाने का आग्रह किया गया।मध्यप्रदेश में 75 हजार अतिथि शिक्षक है। इस मौके पर अतिथि शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष रामकिशोर कौरव नीरज कौरव मोनिका शर्मा नेहा नितेश छोटे राजा कौरव मनमोद वर्मा महेंद्र सराठे रामकुमार सत्यम कौरव नंदिनी विश्वकर्मा संजय पटेल सुरेंद्र चौधरी सुरभि नीखरा शैलजा ताम्रकार मोहिनी कौरव वर्षा साहू अवधेश पाराशर अरुण भट्ट भानुप्रताप कौरव सहित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

# नाले की कीचड़ बह रही सड़कों पर

तेंदूखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और नगर के प्रतिष्ठित महीष मोदी ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि नगर के बीचों-बीच मंडी से डोभी रोड जैन मंदिर होते हुये घुघरिया नाला का निर्माण लगभग 67 लाख की राशि से किया जा रहा है।नाला निर्माण डीपीआर के हिसाब से नहीं किया जा रहा है।नगर परिषद में पदस्थ अनुभवहीन उपयंत्री के निर्देशन में चल रहे निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी की गयी है।नाले में विना सरिया का वेश डाला गया जिसमें रेत की जगह डस्ट डाली गई है।गिट्टी की जगह बजरा जो कि पहली ही वारिस में वह गया था। नाले के स्पोर्ट में वनायी गयी दीवालों के नीचे जगह -जगह कटाव होने लगा है।आरोप लगाया है कि आने वाली बारिस तक दिवाले भी गिरने की कगार पर है। जैन मंदिर के सामने से बार्ड क्रं 06 में प्रवेश होते ही लगभग डेढ़ फीट ऊंची 18 साल पुरानी पुलिया है। जिसमें ज्यादा पानी आने या कचड़ा फस जाने से गंदा पानी ऊपर आ जाता है। अभी भी विगत बरसात के बाद से नाले में लवालव गंदगी भरी पड़ी है। आस-पास के रहवासियों को



मुस्किल का सामना करना पड़ रहा है । रहवासियों का रहना दूभर हो रहा है। गंदा कीचड़ सड़क पर आ जाने से लोगों को परेशानी हुआ करती है। पूर्व में कई वार उपयंत्री को उक्त निर्माण की विसंगति के वारे में वताया लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार की संतुष्टि पूर्ण कार्यवाही नहीं की गई है।जैन मंदिर के सामने से बहने वाले उक्त नाले की गंदगी से रास्ते से निकलने वाले राहगीरों श्रद्धालुओं को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद में सफाई व्यवस्था देखने वाले भी संतुष्टि पूर्ण उत्तर नहीं दे पाते हैं। वार्ड के पार्षद से भी लगातार वारिस के बाद से ही उक्त सफाई व्यवस्था एवं निर्माण के वारे में बात की लेकिन उनके द्वारा भी संतुष्टि पूर्ण जबाव नहीं मिल रहा है।उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच एवं छोड़े गये हिस्से का निर्माण कार्य किया जाये।